सार-समाचार

प्याज की फसल ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई

अलवर। जिले में इस वर्ष प्याज की खेती किसानों के लिए अच्छी आमदनी का जरिया बनती नजर आ रही है। खेतों में लहलहाती प्याज की फसल और बेहतर पैदावार की उम्मीद ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। पिछले कुछ समय से खेती की बढ़ती लागत और मौसम की अनिश्चितता से परेशान किसानों को इस बार प्याज की फसल से अच्छी आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। किसानों का मानना है कि यदि बाजार में प्याज के उचित भाव मिलते हैं तो इस बार खेती से बेहतर मुनाफा कमाया जा सकता है। अलवर जिले के परसा क्षेत्र के पास रहने वाले किसान हेम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस वर्ष प्याज की फसल की स्थिति काफी अच्छी है। खेतों में फसल का विकास बेहतर हुआ है और पैदावार भी संतोषजनक रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्याज की खेती में शुरुआत से लेकर फसल तैयार होने तक काफी मेहनत करनी पड़ती है। बीज की तैयारी, पौध रोपाई, सिंचाई, निराई-गुड़ाई और फसल की देखभाल पर लगातार ध्यान देना पड़ता है। इसके साथ ही मौसम में बदलाव और कीटों से फसल को बचाना भी किसानों के लिए बड़ी चुनौती रहती है। किसान हेम सिंह गुर्जर के अनुसार एक बीघा जमीन में प्याज की खेती करने पर करीब 30 से 35 हजार रुपए तक की लागत आती है। इसमें बीज, खाद, दवाइयां, सिंचाई और मजदूरी सहित अन्य खर्च शामिल हैं। खेती में इतनी लागत लगाने के बाद किसानों को अच्छी पैदावार के साथ बाजार में उचित भाव मिलने की उम्मीद रहती है। इस बार फसल की स्थिति बेहतर होने से किसानों को लागत निकलने के साथ अच्छी बचत होने की भी आस है।

बेटी को घोड़ी पर बैठाकर निकाली शाही बिंदौरी

पावटा। समाज में बेटा और बेटी के बीच भेदभाव मिटाने तथा बेटियों को समान अधिकार और सम्मान देने की दिशा में कस्बे के कुम्हारों का मोहल्ला में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। यहां पप्पू कुमावत पुत्र मदनलाल ने अपनी पुत्री पूजा को घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बान-बिंदौरी निकाली। इस अनूठी पहल के जरिए उन्होंने समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं हैं और उन्हें भी बेटों के समान मान-सम्मान मिलना चाहिए। बेटी को घोड़ी पर सवार देखकर मोहल्ले के लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल छा गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों और मांगलिक रस्मों के साथ निकली बिंदौरी में परिवारजनों, रिश्तेदारों और समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मातादीन कुमावत ने बताया कि सभी रस्में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार निभाते हुए वार्ड में पूजा की बान-बिंदौरी घोड़ी पर निकाली गई। इस पहल की खास बात यह रही कि जहां समाज में लंबे समय से कई परंपराओं में बेटों को प्राथमिकता दी जाती रही है, वहीं पप्पू कुमावत ने अपनी बेटी को घोड़ी पर बैठाकर उन रूढ़िवादी सोच को चुनौती दी। उन्होंने अपने व्यवहार से साबित किया कि बेटी भी परिवार का गौरव है और उसे भी वही खुशियां, अधिकार एवं सम्मान मिलना चाहिए, जो बेटे को दिया जाता है। यह आयोजन केवल एक पारिवारिक खुशी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिला सशक्तिकरण, समानता और बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच का प्रेरणादायक उदाहरण बन गया। बिंदौरी को देखने वाले लोगों ने भी इस पहल की सराहना की। समाज में ऐसी छोटी-छोटी पहल ही बड़ी सामाजिक बदलाव की नींव रखती हैं। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता हरिराम, बाबूलाल, कानाराम, सुभाष कुमार, बलराम, प्रमोद, मनोज, संतोष, विक्रम, धर्मवीर, प्रमोद, नितिन कुमार शर्मा, प्रहलाद सैन, नवीन, जयेश, भवानी शंकर, दिनेश सहित अनेक गणमान्य लोग एवं मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

जिला प्रमुख व प्रधान का निर्वाचन 25 से 28 नवम्बर तक

टोंक। पंचायत आम चुनाव के तहत जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान एवं उप प्रधान का निर्वाचन किया जाना है। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रमुख का 25 नवम्बर को, उप प्रमुख का 26 को, प्रधान का 27 को एवं उप प्रधान का 28 को निर्वाचन की प्रक्रिया एवं निर्वाचित सदस्यों की बैठक संपादित की जानी है। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि निर्धारित तिथि के अनुसार प्रमुख, उप प्रमुख, प्रधान एवं उप प्रधान के चुनाव की बैठक सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। नाम निर्देशन पत्रों का प्रस्तुतीकरण 11 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 11:30 बजे से, अभ्यर्थिता वापसी दोपहर 1 बजे तक, चुनाव प्रतीकों का आंवटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची दोपहर 1 बजे के तुरन्त बाद ही तैयार होगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद मतदान यदि आवश्यक हुआ तो उसका समय अपरा 3 से सायं 5 बजे के मध्य रहेगा। मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा सायं 5 बजे से या मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद जो भी पहले हो से की जाएगी।

देवोत्थान एकादशी पर तुलसी ने शालिग्राम संग विवाह रचाया

पावटा। देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर पावटा कस्बे के गौड़ सदन में राजेंद्र प्रसाद गौड़ एवं प्रेमलता देवी की ओर से तुलसी विवाह का भव्य आयोजन श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर माता तुलसी को दुल्हन की तरह सजाकर भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ वैवाहिक बंधन में बांधा गया। विवाह समारोह में धार्मिक परंपराओं के साथ पारिवारिक उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के तहत गौड परिवार द्वारा किला ऊपर स्थित मुरलीधर मंदिर से भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप की भव्य झांकी नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के दर्शन कर मंगलकामनाएं कीं। भव्य आतिशबाजी के बीच शालिग्राम स्वरूप को गौड़ सदन लाया गया, जहां विवाह की तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थीं। गौड़ सदन में सजे-धजे तुलसी मंडप में ठाकुर जी का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। विवाह की रस्म के दौरान ठाकुर जी द्वारा तोरण मारने की रस्म निभाई गई, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विवाह की रस्में शुरू हुईं। तुलसी माता को चुनरी एवं पारंपरिक श्रृंगार से सजाया गया, वहीं शालिग्राम स्वरूप भगवान विष्णु को तुलसी मंडप के समीप विराजमान किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के बीच रात्रि में विवाह के फेरे संपन्न हुए। अगले दिन सुबह भावुक एवं श्रद्धामय माहौल में ठाकुर जी के साथ तुलसी माता की विदाई की रस्म निभाई गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान गौड़ सदन का माहौल भक्तिमय बना रहा। देवोत्थान एकादशी पर आयोजित इस अनूठे धार्मिक समारोह ने भारतीय संस्कृति और पारंपरिक विवाह संस्कारों की सुंदर झलक प्रस्तुत की।



ठाकुर जी के साथ तुलसी जी की विदाई हुई।

- आतिशबाजी के बीच निकली ठाकुर जी की भव्य शोभायात्रा

इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद गौड़, प्रेमलता देवी, संजय गौड़, मीना देवी, सुशील गौड़, ऊषा देवी, सुनील गौड़, रेणु देवी, मंजू मुद्गल, विशाल मुद्गल, अनीता, संगीता, कृतिका, दिनेश गौड़, एवं सुविधाओं को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। राइडर्स ने बताया कि यह यात्रा केवल बाइकिंग का अनुभव नहीं, बल्कि दोस्ती, आपसी जुड़ाव एवं खुशियों का साझा एक यादगार अवसर बनी, जिसे विशेष बनाने में यहां के आतिथ्य की अहम भूमिका रही।

जयपुर चैप्टर के राइडर्स ने रामाज़ रिसॉर्ट का भ्रमण किया

निवाई। हार्ले डेविडसन एक्स 440 जयपुर चैप्टर के बाइक राइडर्स ने टोंक रोड स्थित गुंसी के समीप स्थित रामाज रिसॉर्ट का भ्रमण किया। जयपुर से निकले बाइकिंग समूह के सदस्यों ने रोमांचक सफर के साथ रिसॉर्ट के खुशनुमा माहौल में सुकून भरे पल बिताए। इस विशेष यात्रा के विपुल गोपाल, अभिनव सक्सेना, सिकंदर खान, प्रशांत, मिन्हाज रहमान, मनीष, मोइन खान व अक्षय साचन ने रामाज रिसॉर्ट में आपसी मेलजोल, बातचीत व मनोरंजक गतिविधियों के बीच एक यादगार दिन का आनंद लिया। जयपुर से रामाज रिसॉर्ट तक का सफर सभी राइडर्स के लिए बेहद खास अनुभव रहा। रिसॉर्ट पहुंचने पर सभी सदस्यों ने वहां के आकर्षक परिवेश, खूबसूरत वातावरण, स्वादिष्ट व्यंजनों व आत्मीय आतिथ्य की सराहना की। हेरिटेज रिसॉर्ट की शांत एवं सुकूनभरी वादियों ने बाइक सवारी के उत्साह को एक बेहतरीन विश्राम के अनुभव में बदल दिया। जयपुर चैप्टर के सभी सदस्यों ने रामाज रिसॉर्ट के स्वागत

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी नगर पालिका मण्डल किशनगढ़ – रेनवाल (जयपुर)
क्रमांक/नपाकिरे/2026-27/भूमि/2541 दिनांक : 23.11.2026
आपत्ति आमन्त्रण सूचना
नगर पालिका किशनगढ-रेनवाल के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका कि.रेनवाल में राजस्व ग्राम कि. रेनवाल के खसरा नं. 2027/1072 रकबा 1.4114 हैक्टेयर व खसरा नं. 1986/1065 रकबा 0.4393 हैक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित आवासीय योजना को मार्गाधिकार उपलब्ध करवाये जाने हेतु राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी 2024 के प्रावधानों के तहत 18 मीटर मार्गाधिकार का निर्धारण खसरा नं. 1987/1065, 1988/1065, 2025/1072, 1072/2, 1060/2 व 1991/1064 में से कुछ भूमि लेकर किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मयाद प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। (सूर्य कान्त शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका कि.रेनवाल

उत्तर पश्चिम रेलवे
आवश्यक सूचना
सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि सांगानेर–शिवदासपुरा सैक्शन में शिवदासपुरा यार्ड में स्थित समपार फाटक संख्या–64 (मलवा फाटक) KM 102/16–17 को दिनांक 24.11.2026 सुबह 08:00 बजे से 25.11.2026 को शाम 20:00 बजे तक ट्रैक मरम्मत कार्य हेतु पूर्णरूप से बन्द रहेगा, असुविधा के लिए खेद है।
1677-CQ/26 सहा. मं.इन्जी.(मुख्या) जयपुर
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय श्रीमान् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम सं.-11, स्थान जयपुर महानगर (प्रथम), सांगानेर
338 05/11/26
कंवलजीत सिंह
विरूद्ध
शैलेन्द्र कुमार गोयल
वाद बाबत् - विशिष्ट अनुपालना
वाद संख्या- 278/ सन् 2026
बनाम- शैलेन्द्र गोयल पुत्र श्री रामकृष्ण जाति गोयल निवासी- मकान नम्बर 4271, नीदंड राव जी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर एवं प्लॉट नम्बर- 723, देवी नगर, सोडाला, जयपुर।
वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद के लिये वाद पंजीयत किया है।
आपको इस न्यायालय में दिनांक 25.11.2026 को दिन में 10.30 बजे दिन में दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद आज दिनांक 05.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
रीडर,
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम संख्या-11, जयपुर महानगर प्रथम,
मुख्यालय सांगानेर।
मोहर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद सं. 61/2026
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम गजानन्द शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा जाति ब्राह्मण
विवाद स्थान प्लाट नं. H 1-1047 सीतापुरा जयपुर
मृतक अभिषेक शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 04.01.2027
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अभिषेक शर्मा पुत्र स्व.श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 6/420 SFS अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04 माह 01 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 23 माह 11 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम
मुख्यालय जयपुर
मोहर अदालत

किशनगढ़ बास में बासड़ा रोड के नोटिस पर बवाल

किशनगढ़ बास। बासड़ा रोड पर अतिक्रमण के नाम पर नगर पालिका द्वारा जारी किए गए नोटिसों को लेकर क्षेत्र के निवासियों और दुकानदारों में भारी रोष है। सोमवार को विधायक दीपचंद खैरिया के साथ बासड़ा रोड के निवासियों एवं दुकानदारों ने जिला कलेक्टर को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर नोटिसों पर पुनर्विचार करने, विधिवत सीमांकन कराने और तब तक किसी भी प्रकार की बेदखली एवं तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि नगर पालिका किशनगढ़-बास ने 26/10/2026 को बासड़ा रोड के निवासियों एवं दुकानदारों को सरकारी सड़क, रास्ते एवं नाले पर अतिक्रमण के संबंध में नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला खैरथल-तिजारा के पत्र क्रमांक 1071 दिनांक 18/07/2026 का संदर्भ दिया गया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उक्त पत्र का अवलोकन किया है। उस पत्र में गंज रोड के खसरा संख्या 321, जोहड़ के खसरा संख्या 533 तथा किले की खाई के खसरा संख्या 535 का उल्लेख किया गया है। परंतु उस पत्र में बासड़ा रोड का नाम अथवा बासड़ा रोड से संबंधित किसी भी खसरा संख्या का कोई उल्लेख नहीं है। ऐसी स्थिति में सवाल उठता है कि जब संदर्भित पत्र में बासड़ा रोड का उल्लेख ही नहीं है, तो उसी संदर्भ के आधार पर बासड़ा रोड के निवासियों को भूलवश अतिक्रमण संबंधी नोटिस क्यों दिए गए? निवासियों ने नोटिसों को संशोधित अथवा निरस्त करने की मांग की है।प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जिन निवासियों एवं दुकानदारों ने नगर पालिका के नोटिस का विधिवत उत्तर प्रस्तुत कर दिया है, उनके जवाबों का

- बासड़ा रोड़ निवासियों का आरोप जिस पत्र का हवाला, उसमें बासड़ा रोड का नाम ही नहीं, तो नोटिस क्यों

दीपावली मिलन पर सृजक की कवि गोष्ठी में बही काव्य रसधार

अलवर। साहित्यिक संस्था सृजक की ओर से दीपावली मिलन के अवसर पर मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन संजय कॉलोनी स्थित एमएनसीआई सभागार में किया गया। संस्था अध्यक्ष सरदार अमरीक सिंह अदब की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में शहर के साहित्यकारों और कवियों ने गीत, गजल, दोहे, हास्य-व्यंग्य एवं समसामयिक रचनाओं की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं साहित्यप्रेमियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इसके बाद गीतकार रामचरण राग ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि रघुवर दयाल जैन ने रीतिकालीन कवियों के दोहों का काव्यांतरण प्रस्तुत किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजना अनिल ने दीपक की अंतर्कथा सुनाई, जबकि रघुनंदन अवस्थी ने जीवन दर्शन पर आधारित मार्मिक गीत प्रस्तुत किया।

- कवियों ने गीत, गजल और व्यंग्य रचनाओं से बांधा समां, जन्मदिन पर दिल्ली से आए तीन साहित्यप्रेमियों का सम्मान किया

सरदार अमरीक सिंह अदब, डॉ. शिवचरण चौड़वाल, मौ. रफीक खान और रामचरण राग की गजलों ने खूब रंग जमाया।

डॉ. देवेंद्र शर्मा और जयदर्थ यादव ने सामाजिक विसंगतियों पर अपनी रचनाओं के माध्यम से चोट की। युवा कवि प्रेम शर्मा की कविता के दो पैग रचना को श्रोताओं की खूब वाहवाही मिली। पुरुषोत्तम शर्मा के दोहों और डॉ. वेद प्रकाश यादव सहज के सामयिक मेवाती गीत ने भी श्रोताओं को प्रभावित किया।

प्रदीप माथुर, जगदीश भारद्वाज और संगीतज्ञ चिन्मय पाराशर ने वर्तमान राजनीति पर व्यंग्यात्मक रचनाएं प्रस्तुत कीं। घनश्याम शर्मा और पुनीत अवस्थी ने पौराणिक संदर्भों पर कविताएं सुनाईं।

देवांश जांगिड़ और अनिल शर्मा की ऐतिहासिक रचनाओं के साथ सीमा कालरा की प्रतीकात्मक रचना तथा याशिता शर्मा की स्त्री विमर्श पर आधारित कविताओं को सराहना मिली। दिवाकर शर्मा और महेश वेदामृत ने भी काव्य पाठ किया।

इस दौरान बांसुरी वादक सुभाष नकड़ा की मधुर धुनों ने माहौल को संगीतमय बना दिया। संस्था सचिव रामचरण राग ने बताया कि दिल्ली से आए राकेश बग्गा, अशोक आहूजा और खुशाल सैनी को जन्मदिन के अवसर पर मोतियों की माला, तिरंगा पटका और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था कोषाध्यक्ष हेमराज सैनी, प्रवक्ता मुकेश मीणा सहित अनेक साहित्यकार, शिक्षाविद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में 'एयर स्ट्राइक' की सूचना पर मॉक ड्रिल

कोटपूतली। कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में सिविल डिफेंस के तहत आपातकालीन मॉक ड्रिल का अभ्यास सायं 04 बजे किया गया। यह अभ्यास एयर स्ट्राइक की सूचना पर किया गया, जिसमें राहत एवं बचाव कार्यों की विभागीय प्रतिक्रिया और समन्वय की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया गया। जैसे ही एयर स्ट्राइक की सूचना मिली, सभी संबंधित विभागों को तत्काल सूचित किया गया। जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता, एडीएम सोहन सिंह नरुका एवं एएसपी नाजिम अली सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए। साथ ही एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस दल, फायर ब्रिगेड, पुलिस, चिकित्सा, बिजली, जिला रसद विभाग सहित अन्य विभागों की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन शुरू किया। फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर काबू पाने की कार्यवाही की गई, जबकि चिकित्सा विभाग की टीमों ने घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान कर एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुँचाया। आपदा प्रबंधन की टीम एवं सिविल डिफेंस ने प्लांट में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के साथ-साथ सभी स्थानों की गहन तलाशी ली, ताकि कोई व्यक्ति घायल अवस्था में पीछे ना रह जाए। साथ ही एसडीआरएफ दल ने रस्सी एवं स्ट्रक्चर के माध्यम से घायल को सुरक्षित उतारने का लाईव डेमो भी किया गया।

- आपदा की स्थिति में समन्वित कार्य प्रणाली और विभागीय तत्परता का किया गया मूल्यांकन
- एसडीआरएफ टीम एवं सिविल डिफेंस ने 50 लोगों को सुरक्षित निकाला एवं 10 हुए घायल

जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने बताया कि 50 लोगों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया था, जिससे उन्हें किसी प्रकार की क्षित नहीं हुई, इसके अतिरिक्त 10 घायल पाए गए। उन्होंने कहा कि आपदा कभी पूर्व सूचना देकर नहीं आती, ऐसे में सभी विभागों को तत्पर, सजग और समन्वित रहना आवश्यक है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के समन्वय और तत्परता की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल से किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की हमारी क्षमता बढ़ती है। एएसपी नाजिम अली ने कहा कि यह मॉकड्रिल प्लांट में हवाई हमले की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से की गई। रिसपॉन्स समय के अनुसार सभी का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

मॉक ड्रिल के पश्चात जिला कलेक्टर, एडीएम, एएसपी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों के साथ बैठक कर संपूर्ण कार्यवाही की। मॉकड्रिल के समाप्त होते ही समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए पाई गई खामियों को दूर करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मॉक ड्रिल में एसडीएम योगेश सिंह देवल, तहसीलदार रामधन गुर्जर, डीएसपी मदन लाल जैफ, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित पुलिस, सिविल डिफेंस से अशोक, मनोज, चरण सिंह, ऋतिक, नरेंद्र एवं आपदा प्रबंधन आदि विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित

किशनगढ़ बास। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा की ओर से सोमवार को जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय खैरथल में नालसा वीर परिवार सहायता योजना-2025 के तहत विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की वीर नारियों तथा उनके परिजनों को कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान पैरालीगल वॉलिंटियर (पीएलवी) सूरजभान कछवाहा ने उपस्थित लोगों को बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों को पेंशन, पारिवारिक पेंशन, मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार, जमीन-जायदाद, नामांतरण, बंटवारे और पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से कानूनी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है।

पीएलवी कछवाहा ने वीर नारियों एवं शहीद परिवारों से अपील की कि किसी भी कानूनी अथवा पेंशन संबंधी समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा के कार्यालय या फ्रंट ऑफिस में सम्पर्क करें। उन्होंने नि:शुल्क कानूनी सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर15100की जानकारी भी दी।

- पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की वीर नारियों तथा उनके परिजनों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर
क्रमांकः-लेखा/भ.वि.प्रा/2026-27/ दिनांकः- यथाहस्ताक्षिरत
ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 59/2026-27
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से एजेंसियों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 01 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://bhda.rajasthan.gov.in/home/dptHome, http://eproc.rajasthan.gov.in एव http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://sppp.raj.nic.in portal, http://eproc.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।
UBN No. 01. WAQ2627SLRC00138
सचिव
भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

शिक्षा संकुल को ज्ञापन सौंपा

निवाई। बाल वाटिका शिक्षकों ने दयाशंकर बहादुरपुरा के नेतृत्व में वेतन विसंगतियों सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षा संकुल जयपुर में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक अशोककुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बाल वाटिका शिक्षकों ने बताया कि बाल वाटिका शिक्षक बाल वाटिका में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शिक्षकों ने प्लेसमेंट एजेंसी कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि एजेंसियों द्वारा शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है एवं कई मामलों में पूरा वेतन भी काट दिया जाता है। इस दौरान उन्होंने वेतन विसंगतियो का स्थाई समाधान करवाने एवं उन्हें सम्मानजनक वेतन एवं आवश्यक सेवा सुविधा प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सुमित्रा व गीता भीलवाड़ा, रामरतन व सीमा दौसा, सुनीता व रेखा हनुमानगढ़, शिवानी व उर्मिला अजमेर, सुरज्ञान व रेखा टोंक, सरोज जयपुर, मनीष बांदीकुई, अल्केश व पुष्पेंदर भरतपुर, निकिता रुकेश सवाई माधोपुर, सुषमा बूंदी आदि।

उत्तर पश्चिम रेलवे **PROFORMA-10.01**
रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को (2x25 केवी कर्षण प्रणाली के अनुसार फीडर तारों सहित) खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख 30.11.2026 को या उसके बाद ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

खण्ड	तारीख
	30.11.2026

बनस्थली निवाई (बीएनएलडब्ल्यू सहित) से चाकसू (सीकेएस सहित) लोकेशन 64/28 (कि.मी. चेनेज 64/616.50) से लोकेशन 90/21 (कि.मी. चेनेज 90/401.50)

PROFORMA-10.02
''सड़क उपयोक्ताओं को चेतावनी''
जन साधारण की सूचना के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के लोकेशन 64/28 (कि.मी. चेनेज 64/616.50) से लोकेशन 90/21 (कि.मी. चेनेज 90/401.50) पर 30.11.2026 को या उसके बाद ओवरहेड ट्रैक्शन वायर 25 केवी पर सक्रिय हो जाएगा। सभी लेवल क्रॉसिंग पर सड़क स्तर से 4.78 मीटर की ऊंचाई के साथ ऊंचाई गेज लगाए गए हैं, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को लोडिंग ट्रैक्शन वायर (स्पष्ट तौर पर) में आने पर खतरनाक निकटता से रोका जा सके, जो लेवल क्रॉसिंग पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होगा।
खण्ड
बनस्थली निवाई (बीएनएलडब्ल्यू सहित) से चाकसू (सीकेएस सहित)
लोकेशन 64/28 (कि.मी. चेनेज 64/616.50) से लोकेशन 90/21 (कि.मी. चेनेज 90/401.50)
जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें की सड़क वहां पर धाये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का उल्लंघन न करें।
अत्यधिक ऊंचाई लोड के खतरे निम्न अनुसार है–
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा
ii) वाहन पर ले जा रहे सामग्रियों या उपकरण को खतरा
iii) चालकों के खतरनाक समीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा या जीवन के हानि का खतरा
1664-CQ/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

मानव सेवा ही सच्चा धर्म : जुड़वा बेटियों के जन्मदिन पर पेश की अनूठी मिसाल

कोटपूतली, (निंस)। खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं और नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी ध्येय को चरितार्थ करते हुए सोमवार को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्साल